## कपास की फसल कम होने के बावजूद नहीं मिला भाव, किसान हो रहे परेशान

### समर्थन मूल्य दस हजार रुपये प्रति क्विंटल की मांग

**सौसर, देशबन्धु ।** जिला पांढुरना सौसर कपास की अंतरराष्ट्रीय फसल होने के बावजूद भी किसानों को उचित मूल्य न मिलने से किसान हो रहे परेशान किसानों का कहना है की लागत मूल्य अधिक होने के बावजूद भी कपास को भाव ना मिलने से लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है जिससे किसानों के सामने बहुत बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। किसान 7000 भाव में कपास बेचने को मजबूर हो गया है जबकि किसानों को 7000 से ऊपर की लागत आ जाती है। अब किसान कपास को स्टोर करके रख नही सकता है और ना ही उसे किसी भी परिस्थिति में बेचने के लिए मजबूर हो गया है।

सीसीआई की खरीदी शुरू होने जा रही है मगर समर्थन मूल्य ही इतना है कि उससे ज्यादा या उससे अधिक भाव मिलना असंभव है। किसान हमेशा से ही मांग करते आ रहा है कि कम से कम कपास का समर्थन मूल्य 10 हजार प्रति क्विंटल होना चाहिए परंतु आज तक सरकार ने इस और किसी भी प्रकार



का ध्यान नहीं दिया। इस कारण किसान सात हजार से नीचे कपास बचने के लिए मजबूर है। किसानों का कहना है कि जिस तरह से खाद बीज और मजदूरी सभी प्रकार से इस 10 सालों में बढ़ोतरी हुई है। उस हिसाब से कपास को आज तक भाव नहीं मिल पा रहा है। आज से 10 साल पहले ही कपास का 7000 का ही भाव था और आज भी 7000 ही भाव बेचने को किसान मजबूर है। इस पर कोई भी किसान संगठन और न ही शासन इस और ध्यान दे रहा है। किसानों के समस्या को ध्यान में रखते हुए कपास का कम से कम समर्थन मूल्य 10000 प्रति क्विंटल का होना चाहिए। ताकि किसानों को लागत मूल्य से अधिक का लाभ प्राप्त हो नहीं तो आने वाले समय में किसान को खेती करने के लिए कठिन समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

जब देशबन्धु ने किसानो से चर्चा की तो किसानो ने उनको आने वाली समस्याओ से अवगत कराया। किसान एवं कांग्रेस नेता चंद्रशेखर गुर्वे ने बताया की 10 वर्षो पहले जितना कपास का मूल्य था उतना ही कपास का मूल्य वर्तमान मे भी है जबकि कपास मे प्रति क्विंटल लागत उससे ज्यादा आ रही है जिससे किसान परेशान हो रहा है ।

किसान अजय वानखड़े ने बताया की अभी तक सीसीआई द्वारा खरीदी शुरू नहीं की जा रही है मज़बूरी किसान द्वारा अपना कपास निजी जिनिंग मे बेचा जा रहा है सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

## रास्ता यथावत चालू रखने के निर्देश

**करेली, देशबन्धु ।** करेली तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बघुवार करेली मोहद कच्चे रास्ते पर आवागमन एवं रास्ता मरम्मत कर हेतु पिछले कुछ समय से न्यायालय तहसील करेली में प्रकरण 0393/ ब121/2024-25 विचाराधीन था जिसमें आवेदक टीकम सिंह विक्रम सिंह अजय सिंह एवं अन्य निवासी बघुवार द्वारा न्यायालय में आवेदन पेश किया है की मौज बघुवार में स्थित करेली से मोहद को जोड़ने वाले रास्ते पर अनावेदक मान सिंह पिता कोमल सिंह राजपूत निवासी बघुवार उक्त लिंक रास्ते में अवरोध लगाकर एवं सुधाकर कहकर रास्ते में बाधा उत्पन्न किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है ।

आवेदन के संबंध में हल्का पटवारी से प्रतिवेदन किया गया हल्का पटवारी के द्वारा प्रतिवेदन किया गया की मौज बघुवार पटवारी हल्का नंबर 51 राजस्व निरीक्षक मंडल आमगांव तहसील करेली के अंतर्गत शिकायतकर्ता अजय सिंह पिता रमेश सिंह के द्वारा बताया गया की भूमि खसरा नंबर 195 ,196/2, 208 रखवा 3.52 हेक्टर भूमि अजय सिंह , विजय सिंह पिता रमेश चौहान के नाम दर्ज है उक्त भूमि पर पहुंचाने हेतु मुख्य मार्ग से कच्चे रास्ते होते हुए खेत तक पहुंच मार्ग है जिसकच्चे रास्ते से होकर आवेदक अपने खेत पहुंचते हैं आवेदक के अनुसार मानसिंह पिता कोमल सिंह के द्वारा रास्ते पर निकालने हेतु अवरोध पैदा किया जाता है।

रवि फसल के सीजन में फसल निकासी के समय रास्ते पर पानी भरने से गन्ना की ट्राली पलट जाती है इसी रास्ते पर कुछ दूरी पर धमनी नदी का छोटा पुल बना है जो शासकीय नाले की भूमि है वर्तमान में रास्ते पर मुरम डालने का कार्य चल रहा है जिससे अनावेदक को आपत्ति थी वर्तमान में रास्ता चालू है। आवेदक के मुताबिक पूर्वजों के समय से वह इस रास्ते का उपयोग कर रहे हैं।

अनावेदक को सूचना पत्र जारी कर आहूत किया गया और आवेदक मान सिंह कोमल सिंह द्वारा भी अपना आवेदन प्रस्तुत करने निवेदन किया उक्त आवेदन के संबंध में भी पटवारी प्रतिवेदन प्राप्त किया गया अनावेदक रजत सिंह पिता टीकम सिंह द्वारा अपने जवाब में उल्लेखित किया गया कि उक्त कच्चे रास्ते का मरम्मत कार्य ग्राम पंचायत द्वारा किया गया है रास्ता पूर्व से चला रहा है अनावेदक द्वारा रास्ते पर मिट्टी मुरम पुलिया का निर्माण इत्यादि ग्राम पंचायत द्वारा किए जाने संबंधी फोटोग्राफ्स एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया प्रकरण का अवलोकन किया गया हल्का पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर इस बात की पुष्टि होती है कि काफी पूर्व से आवेदक उक्त रास्ते का आवागमन हेतु उपयोग करते आ रहे हैं मौके पर रास्ता बना हुआ है तथा वर्तमान में रास्ता चालू है।

ऐसी स्थिति में रास्ते को कृषि कार्य हेतु रोकना उचित नहीं हैअतः प्रकरण मौके पर रास्ता यथावत चालू रखने के निर्देश के साथ समाप्त किया जाता है आवेदक किसानों की ओर से एडवोकेट अजय सिंह चौहान नरसिंहपुर के द्वारा पैरवी की गई। रास्ता यथावत रखे जाने के निर्देश पर सबने संतोष जाहिर किया है।

### सार-समाचार

## ग्राम बिछुआ बग्गू में अखंड हरिनाम सप्ताह के अंतर्गत हुई दहीलाई



**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम बिछुआ बग्गू मे कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर अखंड हरीनाम सप्ताह का आयोजन किया गया । जिसमें शुक्रवार को हभप भागवता आचार्य हरिओम महाराज नींबुलकर के हस्ते दहीलाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सौसर विधानसभा के विधायक विजय रेवनाथ चौरे, जिला पांढुर्णा कांग्रेस के उपाध्यक्ष पुनाराम बाविस्टाले ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष विलास जोगी, क्षेत्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण वाठ, ग्राम के सरपंच प्रमोद पातुरकर पूर्व सरपंच देवचंद तुमडाम, रामकृष्ण शेन्डे, बुराजी धुन्डे, चरनदास सोनेकर, दिगंबर जी शेन्डे, राहुल भक्ते खैरी, भोजराज वाठ, अंकित भक्ते समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे ।

## समता सैनिक दल के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन, परेड गतिविधियों की हुई शुरुआत



**सौंसर, देशबन्धु।** समता सैनिक दल जिला शाखा सौंसर द्वारा बौद्ध विहार सौंसर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन समता सैनिक दल के राष्ट्रीय मार्गदर्शक भंते नाग दीपांकर द्वारा तथागत बुद्ध व डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के छायाचित्र समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलन पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। सर्वप्रथम दल ध्वज का ध्वजारोहण कर परेड गतिविधियां शुरू की गई। समता सैनिक दल के राष्ट्रीय स्टाफ सचिव पृथ्वी मोटघरे के दिशा निर्देश एवं उपस्थिति में प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस अवसर पर विदर्भ पदाधिकारी जयंत सहारे, हर्षल गायकवाड, जिला जीओसी बाबाराव चारे, सहायक जीओसी हीरामन सोमकुंवर,कैंप चीफ अशोक डोंगरे, सहायक कैंप चीफ कल्पना गजभिए, जिला पीआरओ रमेश रंगारे, शाखा अधिकारी शेषराव बागड़े,सहित सौंसर, रामपेठ, बानाबाकोडा, सिल्लेवानी, खापा,सहित अन्य शाखाओं के पदाधिकारी सैनिक सैनिकाए उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर के दौरान परेड पथ संचलन, लाठी, व्यायाम प्रशिक्षण, समता सैनिक दल के उद्देश्यों की जानकारी, अनुशासन, तथागत बुद्ध डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी की जीवनी, समता सैनिक दल की आवश्यकता, सामाजिक मजबूती, समता स्वतंत्रता बंधुत्व एवं न्याय पर मार्गदर्शन किया गया। ज्ञात हो कि बौद्ध विहार सौसर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। 24 नवंबर को बुद्ध विहार से नगर भ्रमण हेतु पथ संचलन निकाला जाएगा।

## उत्कृष्ट विद्यालय में अपराजिता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**नैनपुर, देशबन्धु।** अपराजिता अभियान सक्षम बेटी सक्षम मंडला,जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा, मुख्य कार्य पालन अधिकारी, मंडला पुलीस अधीक्षक,रजत सकलेचा,अतिरिक्त, पुलीस अधीक्षक डॉअमित कुमार वर्मा , महिला बाल विकास अधिकारी, के निर्देशन में जिले अक्टूबर,से अभियान संचालन किया जा रहा है जिसमें शासकीय,आश्ड्सकीय स्कूल में बालिकाओं को आत्मा रक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा,इसी कड़ी मे नैनपुर थाना प्रभारी बलदेव मुजाल्दा एसडीओपी नेहा पचीसिया,के निर्देश में शास. उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर में अभियान,थाना उप निरीक्षक राकेश सेवईवॉर एएसआई,द्वारा, बच्चों को टोल फ्री नंबर साइबर फ्रॉड, महिला हेल्प लाइन नंबर, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर,,महिला बाल विकास से मालती ठाकुर द्वारा बच्चों को रक्त संबंधी, संतुलित आहार, स्वस्थ रहने आयरन की टैब का महत्व,खेल युवा कल्याण विभाग से, कराटे सचिव तिरलोक डोंगरे, मास्टर ट्रेनर सतीश तिवारी, मास्टर ट्रेनर संजय श्रीवास,रोहित, रजक, द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा तकनीक, किसी भी परिस्थिति में अपनी सुरक्षा, बचाव, कैसे करना, चाहिए कराटे के माध्यम से बचाव करना चाहिए जानकारी दी गई, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य जी पी झरिया स्कूल के स्टापआयोजित कार्यक्रम उपस्थित रहे।

## विवाह सूत्र में बंधे सरपंच पुत्र

**उमरियापान, देशबन्धु।** ग्रामपंचायत उमरियापान के सरपंच अटल बिहारी ब्यौहार के सुपुत्र आदित्य ब्यौहार का विवाह परिणय 22 नवंबर 2024 को जबलपुर निवासी संजय कुमार की सुपुत्री जूही के साथ तिलवारा रोड, बरगी हिल्स स्थित कोकिला रिसोर्ट में सानंद संपन्न हुआ। इस अवसर पर 23 नवंबर को उमरियापान स्थित मंगल भवन में आयोजित आशीर्वाद समारोह में बडी संख्या में उपस्थित रिश्तेदारों एवं स्नेहीजनों ने नवयुगल वर वधु को शुभाशीष प्रदान किया।

## तहसील भवन की हालत जर्जर रिकार्ड रखना भी मुश्किल

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के स्थानीय तहसील कार्यालय की हालत बहुत ही बदहाल हो गई है। इसके अधिकांश कमरों से बारिश का पानी टपकता है। इससे रिकार्ड को सुरक्षित रखना मुश्किल हो रहा है। फिर भी जोखिम उठा कर कर्मचारी ऐंसे कमरों में बैठने के लिए मजबूर हैं। वहीं अधिकांश कमरों की हालत बेकार हो गई है कि रिसते पानी के कारण उसके छप्पर कब धराशायी हो जाएं इसका भी कोई भरोसा नहीं है।

इस तहसील कार्यालय का निर्माण सन् 1986 में किया गया था। इसके बाद इसमें किसी प्रकार के मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। एसडीएम कार्यालय में कुछ मरम्मत का कार्य अवश्य हुआ था मगर अन्य कमरों में मरम्मत का कार्य नहीं हुआ है। लेकिन भवन की रंगाई पुताई जरूर होती रही है एसडीएम का कार्यालय अलग निमित्त होने के बाद से एसडीएम उसी नवनिर्मित भवन में बैठ रही है वहां पर नायब तहसीलदार बैठ रहे हैं, तहसीलदार जहां पर पहले से बैठते आए हैं वहीं पर वह बैठने का कार्य कर रहे हैं। तहसीलदार कार्यालय का परिसर भी बहुत जर्जर हो गया है इसके बाद भी यहां पर उनके कर्मचारी बैठ रहे हैं।

कमरा नंबर पांच में ताला-तहसील कार्यालय में नाजरात कक्ष से लेकर कई कक्ष ऐंसे हो गए हैं कि वहां पर रिकार्ड रखना भी दुश्वार हो रहा है। क्योंकि पानी रिसने के कारण रिकार्ड खराब हो रहा है। आरआई भी अपने कक्ष में मजबूरी में बैठ रहे हैं इसी के बाजू में मौजूद कमरा नबर पांच को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है, क्योंकि उसकी हालत बहुत ही खराब हो गई है। इसलिए वहां पर कर्मचारी को बिठाना बंद कर दिया गया है।हमारे संवाददाता ने तहसील भवन के हर कमरें का अवलोकन किया तो पाया कि इसके हर कमरें जर्जर हो चुके हैं। यह कब धराशायी हो जाए इसका कोई भरोसा नहीं बचा हैं। नए सिरे से तहसील भवन निर्माण करवाने की दिशा में कदम उठाए जाना जरूरी हैं यह बात अब यहां आने वाले हितग्राहियों के साथ ही कर्मचारी भी कहने लगे हैं। इन जर्जर कमरों में बैठना खतरे से खाली नहीं है।

## करेली में रास्ते के दोनों ओर बनेंगे फुटपाथ

**करेली, देशबन्धु ।** नगर पालिका करेली अपनी विकास यात्रा मैं नगर को सुंदर और व्यवस्थित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी के अंतर्गत मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चतुर्थ चरण अंतर्गत नगर विकास की अनवरत श्रृंखला में नगर पालिका परिषद करेली के द्वारा रामवार्ड से करेली बस्ती चौराहा के दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया है जिसकी लंबाई दोनों और लगभग 1500 मीटर होगी। नगर पालिका द्वारा लगातार नगर की विकास के कार्य किया जा रहे हैं ।द्ध



पेवर ब्लॉक लगने के बाद शहर की सुंदरता बढ़ेगी और दुकानों के सामने व्यवस्थित फुटपाथ होगा। उक्त निर्माण कार्य के प्रारंभ से ही निरीक्षण के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर लोक निर्माण सभापति अनिल दुवे, रामवार्ड पार्षद पुरुषोत्तम चौरसिया, हेमंत मेहरा, उपयंत्री काजल साहू, उपयंत्री पुष्पेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित, अध्ययनरत छात्रों का हुआ नेत्र परीक्षण



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलिया में प्राचार्य अनीता पाठक के निर्देशन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं श्रीधाम आई केयर सेंटर के ख्यातिलब्ध नेत्र चिकित्सक और संचालक ऑप्टोमेट्रिस्ट संदीप चौधरी द्वारा 300 छात्र छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें ऑप्टोमेट्रिस्ट संदीप चौधरी ने बताया कि जिन छात्रों को दूर देखने में परेशानी होती है उनको चश्मा नंबर हमेशा इस्तेमाल करना चाहिए, मोबाइल ,कंप्यूटर, टीवी का इस्तेमाल कम से कम करें। उचित रोशनी में पढ़ाई करना चाहिए। छात्रों को निर्देश दिए गए की अपनी आंखों को सुबह शाम साफ पानी से साफ करें। आंखों में गंदा रुमाल उंगली ना डालें ।आंखों को धूल धूप और धुएं से बचाए। नीम हकीमो से अपनी आंखों का उपचार नहीं करवाए ।और भोजन में विटामिन ए वाले खाद्य पदार्थ जैसे गाजर ,आम, पपीता, सहजन की फली, हरी सब्जियां, दूध आदि का प्रयोग करें। आंखों में किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र चिकित्सक या नेत्र चिकित्सा सहायक से परामर्श लें। **आंखें आपका ख्याल रखती हैं, आप उनका ख्याल रखिए । इस अवसर पर ग्राम सरपंच एवं जनपद सदस्य अरविंद पटेल, शिक्षक डॉ चेत सिंह चौधरी ,शिक्षक सुखलाल दोहैया एवं समस्त शिक्षक शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## दोरण अमरवाड़ा से जामसावली तक पदयात्रा

**सौसर, देशबन्धु।** सौसर में टाइगर ग्रुप एक सक्रिय भूमिका में दिखाई दे रहा है जनता की जन समस्या हो या गौ माता की रक्षा करने का मुद्धा हो या जनता से जुड़े मुद्दे को लेकर हमेशा जमीन पर उतरकर उनकी मदत करने के लिए तैयार रहता है चाहे वह जाम सांवली मंदिर में कोई व्यवस्था करना हो या फिर जिस किसी भी समस्या का समाधान करने के लिए टाइगर ग्रुप के सभी कार्यकर्ता रोड पर उतरकर जमीन पर उतरकर जनता की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार



दिखाई देते हैं।

इस तरह के आयोजनों से और जनता के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना मानव सेवा का एक्ह्य परिचय दिया जाता है मानव सेवा ही वास्तव में एक मुख्य सेवा मानी जाती है। टाइगर ग्रुप के सभी सक्रिय सदस्य इस तरह के आयोजन को लेकर हमेशा ही चर्चा में रहते हैं और जाम सावली यात्रा के दोरण अमरवाडा से पैदल चलकर जाम सावली मन्दिर में दर्शन करने के लिए अनेक श्रधालु आये रातभर की व्यवस्था की पूरी तैयारी की सुबह यात्रा को आगे के लिए रवाना किया गया जिसमें सभी सदस्य उपस्थित थे राजू खण्डाईत, सुनील भांगे , अंकित गुर्वे मुकुल खंडाईत, महेश भक्ते,पवन प्रजापति, अतुल कामथे, गणेश गौतम, अमोल गुर्वे, शशिकांत खंडाईत आदि।

## लाखों रुपए से बना छात्रावास अनुपयोगी

### खिड़की दरवाजे ले गए चोर, अब जमे रहते हैं नशेड़ी

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के सिमरिया रोड बाईपास के पास स्थित छात्रावास भवन वर्षों से बेकार पड़ा हुआ है एवं अधीक्षक भवन की हालत जर्जर हो गई है। छात्रावास भवन मे पहले बकरियां बांधी जाती थी लेकिन उनके जाने को उपरांत यह स्थल शराबियों का अड्डा बन चुका है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा इन भवनों की देखरेख करते हुए इन्हें उपयोगी बनाने कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

शासकीय ठाकुर निरंजनसिंह महाविद्यालय भवन का निर्माण करने के लिए गोटेगांव से सिमरिया रोड पर श्मशान घाट से कुछ ही दूरी पर मौजूद तालाब की जमीन दान में मिली थी। यह भूमि महाविद्यालय के नाम से राजस्व रिकार्ड में मौजूद है। इस हिस्से में महाविद्यालय के छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण किया गया था। वहीं इससे लगी सरकारी भूमि पर आदिवासी बालक छात्रावास भवन एवं अधीक्षक भवन का निर्माण किया गया था।



जहां पर कुछ वर्षों तक आदिवासी बालक छात्रावास संचालित होता रहा। वहीं महाविद्यालय के छात्रावास कक्षों में भी आदिवासी बालक छात्रावास के बच्चे निवास करते रहे। मगर धीरे-धीरे उक्त दोनों भवन जर्जर हो जाने पर यहां से आदिवासी बालक छात्रावास को गोटेगांवखेड़ा ग्राम पंचायत में विस्थापित कर दिया गया है।

जब से यहां से आदिवासी बालक छात्रावास के बच्चे गए हैं। तब से उक्त दोनों भवन पूरी तरह से खंडहर हो गए हैं। इन भवनों के अंदर लगा हुआ सामान खिड़की,दरवाजे चोरी हो गए।यह सरकारी भवन खंडहर होने के बाद यहां पर अनैतिक कृत्य, नशा करने वाले करते रहे।

अब यह स्थल नशेड़ियों का अड्डा बन गया है बदहाल कमरों के अंदर पड़ी हुई शराब की बोतलें स्वयं गवाही दे रही है।ज्यादातर समय इस भवन का इस्तेमाल बकरियां चराने वाले करते हैं,यह दोनों छात्रावास अय्याशी शराब खोरी करने वालों का स्थान बन चुके हैं। परंतु स्थानीय प्रशासन कुंभकरण की निद्रा में सोया हुआ है वहीं इस महत्वपूर्ण महाविद्यालय की जगह पर समुचित उपयोग करने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है।

इस तालाब की जमीन समतल हो गई थी, मगर इस पर अवैध खुदाई होने से कुछ स्थल पर बारिश का पानी फिर से भरने लगा है। इसी जमीन पर पिछले साल मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर भी उतरा था। इस महाविद्यालय की जमीन के इर्द-गिर्द बायपास सड़क निकलने पर किनारे की जमीन पर कुछ लोगों की वक्र दृष्टि हो रही है।

स्थानीय प्रशासन शासकीय ठाकुर निरंजनसिंह महाविद्यालय की भूमि को सुरक्षित करने की दिशा में कदम उठाए। वहीं स्थल का पानी सूखने के बाद इस पर अवैध खुदाई करने का प्रयास करते हैं उनको रोकने की दिशा में कदम उठाएं , ताकि यह सरकारी जमीन पूरी तरह से सुरक्षित रह सके, क्योंकि इस भूमि की उपयोगिता बायपास सड़क के निकलने पर भारी बढ़ चुकी है। यहां पर नए सिरे से महाविद्यालय भवन का निर्माण करवाया जाए जिसके लिए दानदाता ने उक्त भूमि को दान किया था। प्रशासन द्वारा भवन की उचित देखरेख कराकर सही उपयोग किया जाए तो सार्थक पहल होगी।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 24 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष की नवमी नक्षत्र-पू.फा.।**

**मेष** — आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी।

**वृषभ** — आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। पितृपक्ष की तरफ से लाभ होगा।

**मिथुन** — दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

`क- 268-689

**कर्क** — आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है।

**कन्या** — शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा।

**तुला** — गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** — आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु** — आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग- उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर** — आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा।

**कुंभ** — प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भोजन करने जाने का अवसर आएगा।

**मीन** — दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें।

म. 460-158

1,2,5,7,10,21,55,72,27,20,59,77